

CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:57 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:19 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 18 अंक 115 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

सनी देओल के लिए साल 2025 रहा...पेज-3 पर



# कुरनूल बस हादसा: 20 यात्री आग में जिंदा जले

## दरवाजा जाम होने के चलते नहीं निकल पाए लोग

नई दिल्ली/आंध्र प्रदेश


एजेंसी

आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में शुक्रवार तड़के एक बस में आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा कल्लूर मंडल में चिन्नाटेकुर के पास हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर हुआ। यह बस बेंगलुरु से हैदराबाद जा रही थी।

आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के चिन्नातेकुर के निकट एक निजी बस में दोपहिया वाहन से टक्कर के बाद आग लग गई, जिससे इस हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में बाइक सवार एक व्यक्ति भी शामिल है। हादसे पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शोक जताया है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, हैदराबाद जा रही बस में हादसे के दौरान करीब 41 लोग सवार थे। इसमें कहा गया है कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल बस के नीचे आ गयी और इसके ईंधन टैंक का ढक्कन खुल गया जिससे आग लग गई।

कुरनूल संभाग के पुलिस उप महानिरीक्षक कोया प्रवीण ने बताया, 19 यात्री, दो बच्चे और दो चालक इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। पुलिस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण बस का दरवाजा जाम हो गया और कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। कुरनूल के जिला कलेक्टर डॉ ए सिरी ने बताया, यह दुर्घटना सुबह 3 से 3:10 बजे के बीच हुई जब बस एक बाइक से टकरा गई, जिससे ईंधन रिसाव हुआ और आग लग गई। 41 यात्रियों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है। बाकी 20 में से 11 के शवों की अब तक पहचान हो पाई है। बाकी की पहचान के प्रयास जारी हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश में एक बस में आग लगने के कारण लोगों की हुयी मौत पर शोक प्रकट किया और इस दुर्घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में एक दुखद बस अग्निकांड में हुई मौतों की खबर बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिये प्रार्थना करती हूं। इससे पहले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने हादसे के बाद शोक जताते हुए कहा, कुरनूल जिले के चिन्ना टेकुर गांव के पास हुई भीषण बस आग दुर्घटना के बारे में जानकर मुझे गहरा सदमा पहुंचा है। मेरी हार्दिक संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। सरकारी अधिकारी घायलों और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।



**41** लोग थे हैदराबाद जा रही बस में हादसे के दौरान सवार

**21** यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है कुल यात्रियों में से

**खौफनाक**

- बस बेंगलुरु से हैदराबाद जा रही थी
- मरने वालों में बाइक सवार एक व्यक्ति भी शामिल

### घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

हादसे के बाद गहरी नींद में सो रहे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। जबकि कई लोगों के आग में फंसने की भी खबर सामने आई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को कुरनूल जनरल अस्पताल ले जाया गया। पूरी बस पूरी तरह जल गई। बताया जा रहा है कि ज्यादातर यात्री हैदराबाद शहर के थे। हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर फरार हो गए।

### कुछ ही मिनटों में गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक

पुलिस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण बस का दरवाजा जाम हो गया और कुछ ही मिनटों में गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पुलिस ने आगे बताया कि अधिकतर बचे लोगों की उम्र 25 से 35 साल के बीच थी। मृतकों में बाइक सवार भी शामिल है।

### राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने शोक प्रकट किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक्स पर लिखा, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में बस में आग लगने की दुखद घटना में हुई जान-माल की हानि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

### पीएम मोदी ने आर्थिक मदद का एलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कुरनूल सड़क हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी संदेश के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा, आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में हुई दुर्घटना में जान-माल की हानि से अत्यंत दुःखी हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

# चमोली में कार खाई में गिरते ही लगी आग, ईई-पत्नी और बेटे की मौत

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली में भाई दूज पर दर्दनाक हादसा हो गया। गोपेश्वर-पोखरी रोड पर देवखाल के पास एक कार खाई में गिरकर अटक गई। फिर नीचे की सड़क पर गिरते ही उसमें आग लग गई। कार गिरते ही यूजेवीएनएल देहरादून में तैनात ईई और उनकी पत्नी बाहर छिटक गए। ईई की मौके पर मौत हो गई, जबकि रात साढ़े आठ बजे पत्नी ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कार में फंसे छोटे बेटे की जलकर मौत हो गई, जबकि बड़ा बेटा आंशिक रूप से झुलसा है। पोखरी विकासखंड के ग्राम पंचायत विशाल के पाव गांव निवासी अरविंद त्रिपाठी परिवार के साथ दीपावली मनाने अपने ससुराल देवखाल आए थे। बृहस्पतिवार को वह अपने गांव विशाल लौट रहे थे। घर से 100 मीटर दूरी पर ही कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी और नीचे भदूड़ा गांव की लिंक रोड पर अटक गई। फिर नीचे की सड़क पर गिरते ही कार में आग लग गई।



# आस्था: तीन धामों के बाद अब बदरीनाथ के कपाट होंगे बंद

देहरादून/चमोली

हमारे संवाददाता

भगवान केदारनाथ की शीतकालीन पूजा ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ, बदरीनाथ की पूजा पांडुकेश्वर (योगध्यान बद्री मंदिर), गंगोत्री स्थित मां गंगा की पूजा मुखबा में और यमुनोत्री स्थित मां यमुनोत्री की पूजा-अर्चना खरसाली में होती है।

प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ के कपाट बंद होने के बाद 25 नवंबर को बदरीनाथ के कपाट भी बंद हो जाएंगे। इसके बाद परंपरागत रूप से शीतकालीन पूजा स्थलों पर श्रद्धालु के लिए पूजा-अर्चना और दर्शनों के सरकार की ओर से विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंत्री महाराज ने कहा कि चारधाम के शीतकालीन पूजा स्थलों के तहत भगवान केदारनाथ की पूजा ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ, बदरीनाथ की पूजा पांडुकेश्वर (योगध्यान बद्री मंदिर), गंगोत्री स्थित मां गंगा की पूजा मुखबा में और यमुनोत्री स्थित मां यमुनोत्री की पूजा-अर्चना खरसाली में होगी। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण, चार धामों के देवता इन दिव्य स्थानों पर विराजमान रहते हैं। इसलिए शीतकाल के दौरान श्रद्धालु इन स्थानों पर आकर सुगमता से पूजा-अर्चना कर सकते हैं। महाराज ने कहा कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा संपन्नता की ओर है।

# बाईक शोरूम के एक गोदाम में धधकी आग, हड़कंप, दर्जनों बाईकें जलकर राख

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

काशीपुर मार्ग पर अज्ञात कारणों के चलते बाईक शोरूम के एक गोदाम में आग लग जाने से दर्जनों बाईक सहित भारी संख्या में स्पेयर पार्ट्स एसेसरीज समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शोरूम स्वामी ने अग्निकांड की इस घटना में करीब एक करोड़ रूपये का नुकसान होना बताया है। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह काशीपुर मार्ग पर लोगों ने दशमेश टीवीएस के शोरूम के पीछे गोदाम से धुआं निकलते देखा। घटना की जानकारी तत्काल प्रतिष्ठान स्वामी गदरपुर वार्ड 11 निवासी गुरप्रीत सिंह पुत्र स्व- गोपाल सिंह को दी गई। जानकारी मिलते ही वह परिजनों के साथ तुरंत मौके पर आ गये। इसी दौरान मामले की सूचना मिलने पर दमकल कर्मी भी आ पहुंचे। गोदाम का शटर न खुलते देख दमकलकर्मियों ने गोदाम की दीवार को तोड़ा तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और गोदाम में रखी सैकड़ो नई बाइक धूं धूं कर जल रही थीं। दमकल कर्मियों ने किसी तरह गोदाम के अन्दर प्रवेश किया और आग बुझाने का काम शुरू किया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू किया जा सका। शोरूम स्वामी गदरपुर वार्ड 11 निवासी गुरप्रीत सिंह का कहना है कि त्यौहारी सीजन होने के कारण इस गोदाम में सैकड़ों की संख्या में नई बाइक ऽड़ी हुई थी। गोदाम बाईक से भरा हुआ था लगभग 100 से अधिक बाईक खड़ी हुई थी। उन्होंने बताया कि बीती रात लगभग 8:30 बजे वह शोरूम बंद कर घर चले गए और शोरूम के भीतर सारी लाईट और अन्य बिजली के उपकरण पूरी तरह से बंद कर दिए थे। उन्होंने कहा कि लगभग 8 बजे पड़ोसियों ने सूचना दी कि गोदाम से धुआं निकल रहा है। जिसके बाद वह आनन फानन में परिजनों के साथ गदरपुर से रुद्रपुर अपने शोरूम पहुंचे। तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। उनका कहना था घटना की जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन गोदाम चारों तरफ से बंद होने के कारण और घना धुआं होने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दमकल विभाग की टीम ने गोदाम के पीछे की दीवार तोड़ी तब कहीं जाकर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दर्जनों बाईक जल चुकी थी। अग्निकांड में एक करोड़ से अधिक का नुकसान हो गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। अग्निकांड में बाईक के अलावा स्पेयर पार्ट्स और अन्य सामान भी नष्ट हो गया है। इस दौरान आग बुझाने वालों में दमकल विभाग के एफएसओ महेश चंद्र, एलएफएम चन्द्र प्रकाश, चालक मदन सिंह, फायरमैन नवल कुमार, गौरव सिंह, नवीन सिंह, विपिन सिंह मौजूद थे। अग्निकाण्ड की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी संजय ठुकराल आदि पहुंचे।

# मां काली पूजा का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

युवक मंगल दल की ओर से आनन्दखेड़ा नंबर एक दिनेशपुर में आयोजित श्री श्री सार्वजनिक मां काली पूजा का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने समापन कार्यक्रम में पहुंचकर कलाकारों को सम्मानित किया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजनों का समाज और संस्कृति में विशेष महत्व है। मां काली की पूजा और दीपावली का यह पर्व हमें आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ सामाजिक एकता का संदेश देता है। धार्मिक आयोजन जहां हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच भी प्रदान करते हैं। इससे नई पीढ़ी में आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का विकास होता है। आज का यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक मेल-जोल और भाईचारे को भी मजबूत करता है।आने वाले समय में उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और अधिक समृद्ध हो सके। कार्यक्रम में आयोजकों ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ठुकराल को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजय ठुकराल गगन ग्रोवर, आनन्द शर्मा, केरू मंडल,जगदीश बवाली, खितीश हाल्दार,सुनील हाल्दार, लक्खीकांत मुखर्जी, कृष्णपद विश्वास, अंजन कविराज, जतीश हाल्दार, ममता हाल्दार,मोहन खेड़ा,प्रदीप यादव समेत आदि शामिल रहे।




## NEWS / फटाफट

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण



**नैनीताल ।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान वीरवार को 465 वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 465 वें दिन डीडीहाट में सामाजिक कार्यकर्ता लाल सिंह धामी के नेतृत्व में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। लाल सिंह धामी ने कहा कि पौधारोपण अभियान जैसे पुण्य कार्य में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान भविष्य में प्रकृति संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है । दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा । कार्यक्रम मेंडीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह उपस्थित रहे। इधर दिनेश गुरुरानी ने अपने पिता स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में नित्य की भांति स्मृति पौध लगाया।

### अपर मॉल रोड पर पार्क वाहन करते रहे यातायात प्रभावित

**नैनीताल ।** नगर की अपर मॉलरोड पर टू वे वाहन चलने के बीच सडक् किनारे पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं वहीं पैदल चलने वालों के लिए भी परेशानी पैदा हो रही है। बता दें कि नैनीताल में लोअर मॉलरोड टूटने के बाद सूचना कार्यालय के समीप अपर मॉलरोड से ही वाहनों की आवाजाही कराई जा रही है। जिसके चलते अपर मॉलरोड में मल्लीताल की ओर लगभग 200 मीटर हिस्से में यातायात का दबाव पड़ रहा है वहीं सडक् किनारे पार्क चार पहिया वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। वीरवार को भी सडक् किनारे पार्क वाहनों के चलते कई बार यातायात प्रभावित हुआ। वहीं सूचना से तल्लीताल तक कई वाहन सडक् किनारे पार्क रहे। वाहनों की संख्या बढने के कारण हल्द्वानी रोड पर भी धर्मशाला से जेल गेट तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जिससे कई बार यातायात प्रभावित रहा लेकिन पुलिस या यातायात पुलिस ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया । मामले में एसपी (यातायात व अपराध) डॉ. जगदीश चन्द्रा ने बताया कि सडक् किनारे वाहन पार्क कर यातायात प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है वहीं यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस सडक़ों से वाहनों को हटा रही है।

### परिजनों की डांट से आहत किशोरी ने दी जान देने की कोशिश, पुलिस की सूझबूझ से बची जान

**हल्द्वानी ।** नैनीताल रोड पर शुक्रवार देर रात एक 15 से 16 वर्षीय किशोरी ने गाड़ियों के आगे कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। यह देखकर राहगीरों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की तत्परता से किशोरी को सुरक्षित बचा लिया गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही किशोरी फफककर रोने लगी और बोली, मुझे अकेला छोड़ दो, मैं अपनी जान देने निकली हूँ। पुलिस ने उसे समझाकर चौकी लाया और उसके परिजनों को भी बुलाया गया। चौकी पर पुलिस टीम ने किशोरी और उसके परिजनों दोनों की एक घंटे से अधिक समय तक सघन काउंसलिंग की। पुलिस अधिकारियों ने किशोरी को समझाया कि समस्याओं का समाधान आत्महत्या नहीं है, बल्कि खुलकर बात करना है। वहीं, परिजनों को भी बच्चों के साथ व्यवहार करते समय धैर्य रखने और उन्हें प्यार से समझाने की सलाह दी गई। इस काउंसलिंग के बाद परिवार का माहौल थोड़ा शांत हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द किया, तनाव से बचने की दी सलाह करीब एक घंटे की काउंसलिंग और दोनों पक्षों के आश्वासन के बाद पुलिस ने किशोरी को सकुशल उसके घरवालों के सुपुर्द कर दिया।



# एसडीआरएफ के जवान सागर सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जम्मू-कश्मीर में दिनांक 8 से 16 अक्टूबर तक आयोजित 100वीं अखिल भारतीय जूडो कलस्टर प्रतियोगिता में एसडीआरएफ उत्तराखंड में नियुक्त आरक्षी सागर सिंह ने वूशु (ताल्) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर इस कामयाबी से एसडीआरएफ उत्तराखंड एवं उत्तराखंड पुलिस का गौरव बढ़ा है।

इस अवसर पर सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ने आरक्षी सागर सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह कामयाबी संपूर्ण एसडीआरएफ परिवार के लिए गर्व का विषय है।

ऐसी सफ लताएँ बल के अनुशासन तथा परिश्रम एवं समर्पण की भावना को और प्रबल करती हैं। सेनानायक यदुवंशी ने आरक्षी सागर सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

# नैनीताल में धूमधाम से मनाया गया भैया दूज का पर्व

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर तथा आस पास के क्षेत्रों में दीप पर्व दीपावली के तहत भैया दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बहिनों ने भाईयों ने च्यूड़े चढ़ाकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान भाईयों ने बहिनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

बता दें वीरवार को भैया दूज के विशेष मौके पर नैनीताल समेत आसपास के गांवों में सुबह से शाम तक च्यूड़े पूजने का सिलसिला जारी रहा। इसी क्रम में नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव में भी घर घर में भैया दूज पर्व के शुभ अवसर पर च्यूड़े पूजने का सिलसिला जारी रहा। भाई बहन की अतिरिक्त बुजुर्ग लोग भी छोटों को च्यूड़े पूजते हैं। पहाड़ों में अकसर धान को भिगाकर घरों में ओखली में कूट कर ही च्यूड़े बनाने का रिवाज है। शहरों में जहां संभव ना हो वहां मशीनों से निर्मित च्यूड़े उपयोग में लाये जाते हैं।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# निबंध प्रतियोगिता के विजेता 26 को होंगे सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में पुरस्कृत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

31वीं नैनीताल समाचार निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 26 अकटूबर (रविवार) को चेतराम साह ठुलघरिया इंटर कॉलेज के सभागार में होगा।

बता दें इस वर्ष की प्रतियोगिता में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के सर्वाधिक विद्यार्थी सफ ल रहे। इसी विद्यालय की कृतिका बिष्ट, काव्या जोशी, सुनयाना, रिया बर्गली, हितेश, हर्षित अधिकारी, हर्ष जोशी एवं चंपा मेहरा पुरस्कार के लिये चयनित हुए हैं। दूसरी ओर मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर की खुशबू बिष्ट, स्वास्तिका और रोजम बी तथा लौंग व्यू पबलिक स्कूल के आयुष्मान पचौलिया और मौलश्री महेश जबकि सेंट मेरीज कान्वेंट की कनिष्का वर्मा और वंशिका तथा नरेन्द्र अजय साह जगाती सरस्वती विद्या मन्दिर के वासु त्यागी एवं खुशी पुरस्कृत होंगी। इन सभी विजेता विद्यार्थियों को बाल प्रहरी के संपादक उदय किरौला पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. धनेश पांडे करेंगे। तीन वर्गों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग के लिये विषय था युवा पीढ़ी में नशे का चलन जबकि मध्यम वर्ग के लिये विषय था आपदा के जिमेदार हम या प्रकृति? तथा कनिष्ठ वर्ग के लिये रेड अलर्ट छुट्टी सजा या मजा था। प्रो. जया पांडे, पंकज पांडे, चन्द्र शेखर जोशी, प्रो. विजया सती, स्मिता कर्नाटक और नरेन्द्र बंगारी इस वर्ष के निर्णायक थे। बता दें वर्ष 1992 से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता को 1996 से लगातार नैनीताल बैंक के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया जा रहा है वहीं कोविड काल में दो वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन स्थगित रहा था।

## नाजायज चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी ।** चौकी क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। टीपी नगर चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी, जब टीम जैसे ही पुलिस टीम गन्ना सेंटर के पास पहुंची, मुखबिर खास ने सूचना दी कि एक युवक ब्रिटानिया फैक्ट्री के आस-पास संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

ब्रिटानिया फैक्ट्री से लगभग 200 मीटर पहले एक युवक पैदल गन्ना सेंटर की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर आवश्यक बल प्रयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम संजू कुमार पुत्र राजेन्द्र पाल, निवासी ग्राम मीरगंज, थाना मीरगंज, जिला बरेली (उ.प्र.) बताया। आरोपी के खिला आर्मुस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कार की टक्कर से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के डहरिया क्षेत्र में सड़क हादसे का मामला सामने आया है, जिसमें निलियम कॉलोनी निवासी हीरा सिंह बिष्ट पुत्र स्व. पान सिंह को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। यह हादसा 11 अक्टूबर की शाम लगभग 6 से 6:30 बजे के बीच हुआ, जब बिष्ट अपनी साइकिल से धानमिल डहरिया से अपने घर लौट रहे थे। घटना स्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, धानमिल से लगभग 100 से 150 मीटर आगे एक नीले रंग की कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मारी। हादसे में घायल हीरा सिंह बिष्ट सड़क पर गिर पड़े, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत एसटीएच अस्पताल पहुँचाया, जहां जांच में उनके हाथ की कॉलर बोन और पैर की कुल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर पाया गया। डॉक्टरों की सलाह पर बाद में उन्हें चंदन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया। घटना के बाद परिजनों ने उक्त वाहन के नंबर के आधार पर पता किया तो कार भूपेश अग्रवाल, निवासी 5 किमी रामपुर रोड, जीतपुर नेगी के नाम पर रजिस्टर्ड पाई गई। जब उनसे फोन पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उनका वाहन ड्वेवल चौड़ चौराहे से आगे गया ही नहींष् और मामले में टालमटोल करने लगे। घायल के परिजन मोहन सिंह पुत्र प्रताप सिंह, निवासी निलियम कॉलोनी, डहरिया ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि आरोपी वाहन चालक की लापरवाही से उनके फूफा की जान भी जा सकती थी। उन्होंने फरार चालक के खिलाफ टक्कर मारकर घायल करने, फरार होने और भ्रामक जानकारी देने के आरोपों में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# अभिमत

## जनप्रतिनिधि की जवाबदेही

*प्रधानमंत्री मोदी सांसदों व विधायकों से बार-बार कहते हैं कि संसद व विधानसभा का सत्र नहीं होने पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनसमस्या सुनें और सरकारी योजनाओं का निरीक्षण करके कमियों को दूर करायें। पेयजल योजना में जगह-जगह घोटाला होने से जाहिर है कि जल जीवन मिशन पूरा नहीं होगा। अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि से भी जवाब तलब होना चाहिए। यदि जनप्रतिनिधि निर्माण कार्य का निरीक्षण करते तो पाइप लाइन गायब नहीं होती। सरकार पेयजल कनेक्शन पर मीटर लगाकर जल मूल्य वसूल करने की बात कह रही है, लेकिन पानी नियमित और सस्ती दर पर मिलेगा, इसका भरोसा नहीं है।*

जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजना पूरे उत्तराखंड में लागू की गई है। वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हर घर शौचालय बनाने के लिए गांव-गांव और शहर की बस्तियों में धन उपलब्ध कराया। स्वच्छ भारत अभियान सफल रहा। अब रेल की पटरी और सड़क के किनारे लोग शौच करते नहीं दिखते हैं। हर घर नल योजना प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। बर्फ से अच्छादित हिमालय की पर्वत चोटियों, जल प्रपात, गंगा, यमुना, सरयू आदि सदानीरा नदियों के उद्गम देवभूमि उत्तराखंड में अनेक क्षेत्रों में लोग शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। करीब आधा दर्जन जिलों में जल जीवन मिशन में घोटाला उजागर हुआ है। 1.37 किलोमीटर पानी की पाइप लाइन गायब है। बाहरी एजेंसी से जांच की सिफारिश की गई है। पानी में घोटाला इस बात का ठोस साक्ष्य है कि सरकार की हर योजना पर पानी फेरने पर नौकरशाही तुली हुई है। पूरी व्यवस्था बदलने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी कई बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि पहले सरकार द्वारा जनहित के लिए अवमुक्त किये गये एक रुपये में से धरातल पर 15 पैसे ही पहुंचते थे, शेष धन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा कि कि जीरो टॉलरेंस के तहत भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त कर योजना का पूरा धन जनहित में लगाया जायेगा। शौचालय निर्माण में भी बिचौलियों, दलालों और सरकारी कर्मचारियों ने बंदरबांट की। गरीबों के सिर पर छत उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर बनाने के लिए धन दिया जा रहा है। सभी योजनाएं प्रधानमंत्री सीधे संचालित नहीं कर सकते। हर घर में शौचालय, हर घर में नल और हर गरीब को घर बनाने का काम प्रधानमंत्री खुद नहीं कर सकते तथा पूरे देश में जाकर नहीं देख सकते। सभी काम लाखों अधिकारी व कर्मचारियों के माध्यम से किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी सांसदों व विधायकों से बार-बार कहते हैं कि संसद व विधानसभा का सत्र नहीं होने पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनसमस्या सुनें और सरकारी योजनाओं का निरीक्षण करके कमियों को दूर करायें। पेयजल योजना में जगह-जगह घोटाला होने से जाहिर है कि जल जीवन मिशन पूरा नहीं होगा। अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि से भी जवाब तलब होना चाहिए। यदि जनप्रतिनिधि निर्माण कार्य का निरीक्षण करते तो पाइप लाइन गायब नहीं होती। सरकार पेयजल कनेक्शन पर मीटर लगाकर जल मूल्य वसूल करने की बात कह रही है, लेकिन पानी नियमित और सस्ती दर पर मिलेगा, इसका भरोसा नहीं है।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय खटीमा में युवा संवाद कार्यक्रम

खटीमा

हमारे संवाददाता



युवा संकल्प लेकर लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े व कैरियर बनाते हुए उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा कैंप कार्यालय में आयोजित मुख्य सेवक युवा संवाद कार्यक्रम में कही। सीएम ने युवाओं से कहा कि आज का ये अवसर मेरे लिए अत्यंत विशेष है, क्योंकि मैं, किसी औपचारिक कार्यक्रम में नहीं, बल्कि फ्रमनों से सीधे संवादफ्र करने आया हूँ। जब युवा ऊर्जा, उम्मीद और सकारात्मक सोच से भरे हों, तो माहौल अपने आप उत्साह से भर जाता है। सीएम ने कहा कि आप लोग अपना स्वास्थ्य, अपनी पढ़ाई, नई नई स्किल सीखना भी जारी रखिए। मैंने अपने राजनीतिक जीवन में लंबे समय तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और युवा मोर्चा में कार्य किया है- मेरे इस अनुभव ने मुझे बताया है कि फ्रजिस देश के युवा ठान लें वे अपने देश को शिखर पर ले जाना चाहते हैं, तो उस देश को आगे बढ़ने से कोई भी नहीं रोक सकता। आज भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगति इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि हमारे युवा सजग और जागरूक है। आज दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देखती है, क्योंकि भारत का जन भी युवा है और भारत का मन भी युवा है। भारत अपने सामर्थ्य से युवा है।

भारत अपने सपनों और चिंतन से युवा है। युवाओं के साथ अपने संवाद में उनसे कहता हूँ कि सबसे पहले तय कीजिए कि फ्रआप जीवन में क्या करना चाहते हैं?फ्र ये जरूरी नहीं कि हर कोई डॉक्टर या इंजीनियर ही बने। आज के डिजिटल युग में आपके पास अनगिनत अवसर हैं। डिजिटल मार्केटिंग, स्टार्टअप्स, एग्रीकल्चर टेक, पर्यटन, होटल मैनेजमेंट, डिफेंस, फॉरेस्ट सर्विसेज, सोशल वर्क, और भी बहुत कुछ। इसलिए, स्किल सीखिए, लक्ष्य तय कीजिए और समयबद्ध योजना बनाइए। उत्तराखंड के हजारों युवा सेना और डिफेंस सेवाओं में, सरकारी और प्राइवेट नौकरियों में, स्टार्टअप्स और नए व्यवसायों में, बेहतरीन काम कर रहे हैं।

आज यहां मौजूद वे युवा जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सरकारी नौकरियां प्राप्त की हैं या अन्य स्वरोजगार के कार्य प्रारंभ किए हैं, ये इसका स्पष्ट प्रमाण हैं। कहा कि कोई भी राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक वहां की युवाशक्ति संगठित, आत्मनिर्भर और राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित ना हो। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इंजन को चालू करने के लिए ईंधन की आवश्यकता होती है, उसी तरह राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने हेतु युवाशक्ति की ताकत, उनकी इनोवेटिव सोच और प्रतिभा की आवश्यकता होती है। उत्तराखंड स्टार्टअप नीति आने के बाद से राज्य में स्टार्टअप कल्चर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम उत्तराखंड के स्टार्टअप्स को आर्थिक सहायता देने के साथ ही उन्हें पूरा माहौल मुहैया करवा रहे हैं। हमने राज्य में 1100 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता देते हुए अत्याधुनिक 15 इनक्यूबेटर स्थापित किए हैं।

## लोहिया हेड कैंप कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान शुक्रवार को बनबसा प्रस्थान से पूर्व अपने लोहिया हेड स्थित कैंप कार्यालय पहुँचे जहाँ जनप्रतिनिधियों व जनता ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने आवास व लोहिया हेड कैम्प कार्यालय में जनता से मुलाकात की व उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर, शंकर कोरंगा, फरजाना बेगम, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, डीएम चंपावत मनीष कुमार, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एडीएम कौस्तुभ मिश्र, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने की नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 48 लाख रुपये मूल्य की स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता




पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 48 लाख रुपये मूल्य की स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को राजकीय इंटर कॉलेज मोतीनगर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग हल्द्वानी पर चेकिंग के दौरान ये गिरफ्तारी की। आरोपियों के कब्जे से कुल 162.14 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 48 लाख रुपये बताई जा रही है।

पकड़े गए आरोपियों में तस्लीम खान पुत्र नन्हे खान, निवासी ग्राम रोहनिया, थाना बहेड़ी, जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, और मोहम्मद राशिद खान पुत्र आलम साह, निवासी ग्राम परेवा वैश्य, थाना जहानाबाद, जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे स्मैक शीशगढ़, जनपद बरेली से हल्द्वानी तस्करी के लिए लेकर आए थे।

दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी मंडी प्रेम राम विश्वकर्मा, एसओजी प्रभारी राजेश जोशी, कांस्टेबल अमर सिंह, मोहम्मद अजहर, संतोष बिष्ट, भूपेन्द्र ज्येष्ठा और अरुण राठौर शामिल थे इस बड़ी सफलता पर एसएसपी ने पुलिस टीम को 2,500 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## फिल्मी दुनिया

# सनी देओल के लिए साल 2025 रहा शानदार




*बॉलीवुड के एक्शन हीरो सनी देओल के फैंस के लिए साल 2025 बहुत खास रहा। इस साल उनकी फिल्म जाट ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर थी, जिसमें सनी ने एक मजबूत और बहादुर किरदार निभाया। जाट को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और यह 2025 की हिट फिल्मों में से एक बनी। जानिए 2026 में सनी किन फिल्मों में धमाल मचाएंगे। हमेशा से ही सनी देओल की दमदार एक्टिंग, डायलॉग्स और एक्शन सींस ने सबको प्रभावित किया। इस सफलता से सनी देओल का करियर फिर से चमक उठा, जैसे उनकी पुरानी हिट फिल्में गदर और बॉर्डर की याद आ गई। लेकिन असली मजा तो 2026 में आने वाला है। सनी देओल की कई बड़ी फिल्में साल 2026 में रिलीज होने वाली हैं, जो फैंस को एक्शन, ड्रामा और इमोशन का पूरा पैकेज देंगी। सनी देओल की नई फिल्म है गबरू, जिसकी घोषणा उन्होंने अपने 68वें जन्मदिन पर की। फिल्म की रिलीज डेट 13 मार्च 2026 है। यह एक इंस्पायरिंग स्टोरी है, जिसमें सनी देओल और एक बच्चे का किरदार मुश्किलों का सामना करते हैं।*

## 2026 में रिलीज होंगी कई धमाकेदार फिल्में

*फिल्म साहस, करुणा और जीवन की चुनौतियों पर आधारित है। इसमें सिमरन रिशी बग्गा जैसे कलाकार भी हैं। सनी देओल ने इसे अपने दिल से दुनिया के लिए बताया है। लाहौर 1947 एक हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं। इसके प्रोड्यूसर आमिर खान हैं। यह फिल्म 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन पर आधारित है। सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं। रिलीज डेट अभी कन्फर्म नहीं है, लेकिन 2026 में आने की उम्मीद है। इसमें इमोशंस, इतिहास और ड्रामा का मिश्रण होगा। 2026 में दिवाली के अवसर पर रिलीज होगी रामायण पार्ट 1। सनी देओल इसमें हनुमान का रोल निभाएंगे।*

# दबंगों ने घर में घुसकर महिला को बाल पकड़ कर घसीटा, कपड़े फाड़े

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**आरोप**

- पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

कोतवाली क्षेत्र एक परिवार पर दबंगों घर में घुसकर मारपीट कर महिला को बाल पकड़ कर घसीटने का मामला प्रकाश में आया है। दबंगों पर महिला के कपड़े भी फाड़ने का आरोप है। महिला समेत तीन घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 18 अक्टूबर 2025 की रात्रि लगभग 9 से 10 बजे के बीच जब वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था,तभी गांव के हामिद अली, सोनू उर्फ फिरोज, सद्दाम, मोसिन, मोनिस गोलकी, तोहित अंसारी समेत कुछ अन्य लोग उसके घर पर आ धमके। आरोप है कि उक्त लोगों ने घर में घुसकर दादी और भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। दबंगों पर मारपीट के दौरान पत्नी के बाल पकड़ कर घसीटने और कपड़े तक फाड़ने का आरोप है। पीड़ित के मुताबिक मोहल्ले के लोग बीच-बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना स्थल पर खाली कारतूस के खोखे भी पाए गए, जिससे घटना के दौरान गोली चलने की आशंका जताई जा रही है। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

News कॉर्नर

## निर्माणाधीन भवन में ताले तोड़कर मोटर और फिटिंग का सामान उड़ाया

**हल्द्वानी।** सरस्वती नारायण कॉलोनी क्षेत्र में एक निर्माणाधीन भवन में चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, अमित उप्रेती, उप-प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, पिथौरागढ़, ने लगभग दो वर्ष पूर्व सरस्वती नारायण कॉलोनी में 1500 वर्ग फीट का प्लॉट खरीदा था, जहां वर्तमान में वे निर्माण कार्य करा रहे हैं। 5 अक्टूबर की सुबह जब अमित उप्रेती निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि ग्राउंड फ्लोर का दरवाज़े का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पाया गया कि ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल दोनों जगहों से फिट की गई विद्युत तारें उखाड़ी गई थीं, साथ ही पानी की मोटर और नल फिटिंग का दो पेटियों में रखा सामान भी चोरी हो चुका था। घटना की जानकारी उप्रेती द्वारा तत्काल चौकी त्ल्व मुखानी को दी गई, जिसके बाद कांस्टेबल सुनील ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और प्रारंभिक जांच की।

## सुभाष कालोनी में आपसी विवाद में युवक पर तलवार से हमला करने का प्रयास

**रुद्रपुर।** चौकी बाजार क्षेत्र सुभाष कालोनी आपसी विवाद में एक युवक ने मोहल्ले के ही युवक पर तलवार से हमले का प्रयास किया। मौके पर लोगों की भीड़ जुटने पर हमलावर अपने इरादों को अंजाम देने में नाकाम रहा। एक पक्ष ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में सुभाष कालोनी निवासी नितिन रस्तोगी ने बताया कि गुरुवार रात करीब नौ बजे कालोनी में ही रहने वाला एक युवक तलवार लेकर आया और उसके मौसेरे भाई मनीष रस्तोगी पर तलवार से हमले का प्रयास किया। बताया कि मौके पर भीड़ जुटने के कारण हमलावर अपनी कोशिश में नाकाम रहा।

# आल इंडिया एलीट महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता की तैयारियों पर गहन मंथन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल में 29 अकतूबर से 3 नवंबर तक अयोजित होने वाली आल इंडिया एलीट महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर वीरवार को राज्य और जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ खेल विभाग के लोगों ने बैठक की।

बता दें उत्तराखण्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गोपाल खोलिया के नेतृत्व में वीरवार को बॉक्सिंग से जुड़े लोग, कोच और बाकसरों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में 29 अकतूबर से 3 नवंबर तक खिलाडियों, कोच मैनेजर, जज, रैफ री और ऑफि सियालों के साथ मेहमानों के रहने की व्यवस्था पर चर्चा हुई। मेहमानों के विशेष खाने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार हुआ। टेंट और माइक सिस्टम लगाने के साथ बॉक्सिंग आयोजन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर धयान आकर्षित किया गया। उत्तराखण्ड बॉक्सिंग के जनक और पूर्व उत्तराखण्ड ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण ने टेलीफ ोन से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। महासचिव गोपाल खोलिया ने बताया कि देशभर से आने वाली टीमों में आंध्र प्रदेश की 10 बाकसर, महाराष्ट्र की 10, यूपी से 8, दिल्ली से 10 तथा पंजाब से 9, राजस्थान से 9 जबकि हरियाणा से 10 तथा सीआईएसएफ से 6 वही पश्चिम बंगाल तथा चंडीगढ़ से 10 और मेजबान उत्तराखंड से 9 बाकसरों का आना तय हो चुका है। कहा कि लद्दाख और जम्मू एंड कश्मीर के अलावा एनसीओईकी टीमें भी आने की सूचना भेजने की बात कह रही हैं।

आयोजक सचिव कमल जगाती ने बताया कि लगभग सभी टीमें 29 अकतूबर की सवेरे नैनीताल पहुँच जाएंगी। टीमों के रहने की व्यवस्था यूथ होस्टल, कुमाऊं मंडल विकास निगम के टीआरएच और नैनीताल कलब में की गई है। इसके साथ ही ऑफि शियल्स के लिए होटल एसोसिएशन की तरफ से विभिन्न होटलों में कमरों की व्यवस्था की गई है। सभी लोगों के खाने की व्यवस्था डीएसए भवन में बुफ़े लगाकर की जा रही है जिसमें उन्हें पौष्टिक ब्रेक फ ास्ट के साथ ही लंच और डिनर मुहैया कराया जाएगा। अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी और बीएफ आई के सैकेट्री जर्नल प्रमोद कुमार के अलावा ओलंपियन विजेंदर सिंह बेनीवाल के पहुंचने की भी उमीद है। आयोजकों की तरफ से मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या को मुखय अतिथि और विशिष्ठ अतिथि बनाने के लिए इनवाइट किया जा रहा है। बैठक में अंतराष्ट्रीय बाकसर व कोच संजय अधिकारी, जिला बॉकसिंग एसोसिएशन के सचिव नवीन टमटा, बॉकसिंग कोच अजय कुमार, पुष्पा दर्मवाल, भगवत मेर, रणजीत सिंह थापा, बाकसर बबिता तथा महक आदि शामिल हुए।

# हल्द्वानी-रामनगर में डेंगू का कहर डॉक्टर समेत कई लोग चपेट में

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



दीपावली और भाई दूज के त्योहारों के बाद अब हल्द्वानी और रामनगर में डेंगू संक्रमण तेजी से फैल रहा है। बाहरी राज्यों से भारी भीड़ के आगमन और सफाई में बरती गई लापरवाही ने स्थिति को गंभीर बना दिया है। रामनगर में हालात ज्यादा चिंताजनक हैं, जहां एक दरोगा समेत कई पुलिसकर्मी डेंगू की चपेट में आ गए हैं। सोबन सिंह जीना (एसटीएच) अस्पताल में अब तक 25 डेंगू संक्रमित मरीजों की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं। डेंगू के नोडल अधिकारी डॉ. परमजीत सिंह के अनुसार, अधिकांश नए केस उन लोगों से जुड़े हैं जो त्योहारों के दौरान बाहरी राज्यों से लौटे हैं। उन्होंने बताया कि एसटीएच में भर्ती एक महिला डॉक्टर हाल ही में फरीदाबाद से पीजी कर रही थीं, जहां हॉस्टल में संक्रमित साथियों से उन्हें संक्रमण हुआ। चिकित्सकों का कहना है कि त्योहारों में बड़ी आवाजाही से डेंगू की ट्रांसमिशन चेन दोबारा सक्रिय हो गई है, और अगले 15 से 20 दिन संक्रमण के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं। फिलहाल 20 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार, संक्रमित मादा एडीज़ मच्छर 200 से 300 मीटर के दायरे में वायरस फैला सकती है और लगभग 15 से 30 दिन तक संक्रमण बांटती रहती है। डेंगू की ट्रांसमिशन चेन को पूरी तरह सक्रिय होने में औसतन 12 से 15 दिन लगते हैं। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. के.एस. दत्ताल ने बताया कि पर्यटक, व्यापारी और रिश्तेदारों की आवाजाही के कारण संक्रमण शहर तक पहुंचा है। इस सीजन में अब तक 15 मरीजों की एलाइजा रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जो संक्रमण की गंभीरता दर्शाती है। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा है। निजी अस्पतालों से दैनिक रिपोर्ट मांगी गई है।

रामनगर कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि डेंगू से संक्रमित पुलिसकर्मियों की सटीक संख्या जुटाई जा रही है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने जनता के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि घरों, कूलरों और गमलों में पानी जमा न होने दें, क्योंकि यही एडीज़ मच्छरों के प्रजनन की मुख्य वजह है।

# बिजली सप्लाई के समय ट्रांसफार्मर चोरी बैकुंठपुर गांव अंधेरे में

**शक्तिफार्म**

**हमारे संवाददाता**



चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए चलती बिजली लाइन से ही ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। इससे बैकुंठपुर गांव में अंधेरा पसर गया और 12 से अधिक परिवार अंधेरे में डूब गए।

बैकुंठपुर गांव में लगे ट्रांसफार्मर को बुधवार देर रात चोरों ने बिजली सप्लाई के दौरान चोरी कर लिया। इससे घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। पहले तो ग्रामीण अंदाजा लगा रहे थे कि बिजली कटौती की जा रही है लेकिन सुबह ट्रांसफार्मर गायब मिलने पर उन्हें इसका पता चला। सभासद और ग्राम प्रधान ने तत्काल इसकी सूचना ऊर्जा निगम के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे निगम कर्मियों ने काफी खोजबीन की लेकिन ट्रांसफार्मर का पता न चला। ऊर्जा निगम के एसडीओ हर्षित जायसवाल ने बताया कि बिजली सप्लाई के समय ट्रांसफार्मर चोरी करने की तहरीर चौकी पुलिस को दी है।

# पत्नी से झगड़े में पति ने ईंट मारकर की हत्या

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बनभूलपुरा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की ईंट से सिर पर वार कर हत्या कर दी। यह दर्दनाक घटना 23 अक्टूबर को दोपहर के समय मलिक का बगीचा, पानी की टंकी के सामने, बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया।

**कार्रवाई**

- बनभूलपुरा में दिल दहला देने वाली वारदात
- रेप केस से जेल काटकर लौटा था आरोपी इंतजार हुसैन
- मामूली कहासुनी के बाद पत्नी शाहीन के सिर पर ईंट से किया वार

घटना के संबंध में मृतका की बेटी रुखसार पत्नी सलमान, निवासी इंद्रानगर, बड़ी रोड, थाना बनभूलपुरा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी माता शाहीन (52 वर्ष) और पिता इंतजार हुसैन (58 वर्ष) के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। रुखसार ने बताया कि उसका पिता पिछले वर्ष ही रेप केस में कई वर्षों की सजा काटकर जेल से छूटा था, जिसके बाद से पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता रहता था। रुखसार ने बताया कि 23 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे उसकी मां ने फोन पर तबीयत खराब होने की बात कही और अपनी नातिन मन्तशा को भेजने के लिए कहा। कुछ समय बाद मन्तशा ने फोन कर बताया कि नाना (इंतजार हुसैन) और नानी (शाहीन) में झगड़ा हो गया है। गुस्से में नाना ने नानी के सिर पर ईंट मार दी और धमकी दी कि आज तुझे जान से मार दूंगा। इसके बाद इंतजार हुसैन मौके से फरार हो गया। रुखसार जब मौके पर पहुंची तो उसकी मां गंभीर रूप से घायल अवस्था में फर्श पर पड़ी मिलीं। परिजनों ने उन्हें तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सिर में गंभीर आंतरिक चोटें और फैक्चर पाए। हालत नाजुक होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान शाहीन की मृत्यु हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं इंतजार हुसैन को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## बीच सड़क टैक्सी में सवारी भरना पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल रोडवेज बस अड्डे के समीप सड़क पर वाहन पार्क कर सवारियां भरना व यातायात को प्रभावित करना वाहन चालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई कर वाहन सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार वीरवार को तल्लीताल रोडवेज स्टेशन में हल्द्वानी की ओर जाने वालों की भीड़ लगी हुई थी। इस दौरान एक चालक ने अपना टैक्सी वाहन रोडवेज बस अड्डे के सामने पार्क किया और सवारियां भरने लगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने भीमताल झील में सफाई को लेकर उठाई मांग

**भीमताल**

**हमारे संवाददाता**

भीमताल झील में फैले कूड़े व प्लास्टिक और गंदगी के निस्तारण की मांग को लेकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने जोरदार आवाज उठाई है। बरसात के बाद शहर के नालों से बहकर झील में जमा हुई गंदगी, प्लास्टिक बोतलें और पन्नियों ने झील के किनारों को कूड़े ही कूड़े ढक दिया है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को कई बार झील से संबंधित विभागों के समक्ष उठाया लेकिन बजट की कमी का हवाला देकर सफाई कार्य शुरू नहीं हो सका।

बता दें कि जांच में बृजवासी को पता चला कि पिछले वर्ष झील की सफाई करने वाले ठेकेदार को भुगतान नहीं किया गया जिसके चलते वह अब सफ ाई के लिए तैयार नहीं है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए बृजवासी ने मुखयमंत्री सचिव, कुमाऊँ आयुक्त और प्राधिकरण विभाग के अध्यक्ष दीपक रावत को मामले से अवगत कराया। कुमाऊँ आयुक्त रावत ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राधिकरण विभाग को झील की सफाई के निर्देश दिए। प्राधिकरण अभियंता अंकित बोरा ने फोन पर बृजवासी को आश्वासन दिया कि जल्द ही दो.चार दिन में लेबर ठेकेदार की व्यवस्था कर सफाई कार्य शुरू किया जाएगा। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि भीमताल झील जो क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है इसे जड़ से स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषणमुक्त रखने के लिए ठोस कदम जल्द उठाए जाएं।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में माइंडफुल लीडरशिप पर सत्र का आयोजन

**भीमताल**

**हमारे संवाददाता**





ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा स्पीक फाउंडेशन के सहयोग से माइंडफुल लीडरशिप एप्लाइंग बुद्धिस्ट प्रिंसिपल्स इन मैनेजमेंट विषय पर एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।

बता दें यह कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य बीबीए और एमबीए विद्यार्थियों में आत्म जागरूकता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और मूल्य आधारित नेतृत्व को प्रोत्साहित करना था। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को माइंडफुलनेस (सचेतनता) और उसके नेतृत्व व व्यक्तिगत विकास में महत्व पर गहन चिंतन का अवसर मिला। वक्ताओं ने व्यावहारिक अनुभवों के साथ ही प्रेरक कहानियों और जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाया कि आत्म नियंत्रण, जागरूकता और भावनात्मक संतुलन जैसे गुण न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक हैं बल्कि प्रभावी नेतृत्व की नींव भी हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़ी शिक्षाओं के माध्यम से धैर्य, संयम और सजगता के महत्व को आत्मसात किया। उन्होंने यह जाना कि आधुनिक कार्यस्थल के दबावों के बीच माइंडफुलनेस किस प्रकार आंतरिक शक्ति के रूप में कार्य कर सकती है। वक्ताओं द्वारा साझा की गई कहानियों और विचारों ने छात्रों को यह प्रेरणा दी कि वे किसी भी स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय ठहरकर सोचें तथा अवलोकन करें और समझदारी से निर्णय लें। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सार्थक और प्रेरणादायक सत्र का संचालन करने के लिए सुश्री समृद्धि बिष्ट और सुश्री रिया पांडे का आभार व्यक्त किया। इस सत्र ने प्राचीन बौद्ध शिक्षाओं को आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों से जोड़ते हुए छात्रों के लिए एक मूल्यवान सीख प्रदान की।